ई.एम.यू. सवारी डिब्बों की खरीद

228. **श्री अजीत जोगी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान रेलवे ने प्रति-वर्ष कितने-कितनेई० एम० यू० सवारी डिब्ब खरीदे ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान जोनल रेलवे को प्रति-वर्ष कितने-कितने सवारी डिब्बों की आपूर्ति की गई ;

(ग) क्या चालू वर्ष के दौरान इस प्रकार के और सवारी डिब्बे खरीदने का प्रस्ताव है ;

(घ) यदि हां तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;; और

(ङ) प्रत्येक जोनल रेलवे का इसमें कितना-कितना हिस्सा होगा ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० चापर शरीफ) : (क) और (ख) उपनगरीय सेवाओं के लिए खरीदे गए/निर्मित किए गए तथा क्षेत्रीय रेलों की आपूर्ति किए गए ई०एम०यू० कोचों की संख्या नीचे दी गयी है :—

वर्ष	निर्मित किए गए ई० एम० यू० कोचों की कुल संख्या	क्षेत्रीय रेलवे वार हिस्सा					
		पू०रे०	द०पू०रे०	उ०रे०	द०रे०	म०रे०	प०रे०
1991-92	178	82	13	13	21	40	9
1992-93	180	74	30	7	19	33	18
1993-94	277	41	40	11	15	116	54

(ग) जी, हां

(घ) और (ङ) चालू वर्ष 1994-95 के दौरान उपनगरीय सेवाओं के लिए 210 ई. एम. यू. कोचो के खरीदे/निर्मित किये जाने की योजना है। प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे का हिस्सा नीचे दिया गया है :—

वर्ष	रेलवे						
	पू०रे०	द०पू०रे०	उ०रे०	द०रे०	प०रे०	प०रे०	जोड़
1994-95	48	24	15	9	78	36	210

रेलवे का मध्य तथा पश्चिम रेलों के लिए 30 करोड़ और डी०सी०ई०एम यू० कोचों का निर्माण निर्धारित समय से पहले करने का प्रस्ताव है।